कन्या महाविद्यालय में हुआ प्लेसमेंट ड्राइव

रतलाम | शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक तथा स्नातकोत्तर की छात्राओं के लिए स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ने प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। नीट द्वारा एक्सिस और एचडीएफसी बैंक के विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लिया गया। इसके बाद प्रथम चरण के लिए स्क्रूटनी की गई।नीट के विक्रांत सिंह, कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. माणिक डांगे, प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने छात्राओं को नीट एवं जॉब को कैसे हासिल किया जाता है, इसके बारे में जानकारी दी।प्लेसमेंट ड्राइव में सुजीत सिंह, अभिषेक नागर, दीपिका गौतम, प्रकोष्ठ की डॉ. स्नेहा पंडित, डॉ. वीएस बामनिया, प्रो. सौरभ गुर्जर, प्रो. रिंकी भाभर, प्रो. देवेंद्र हरोड़ सहित अन्य मौजूद रहे।